मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 20/12/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --613/2025
20 दिसंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
====================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से पीवीएनएल के सीईओ ने की शिष्टाचार भेंट, 800 मेगावाट की एक यूनिट से व्यवसायिक बिजली उत्पादन शुरू होने में राज्य सरकार से मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार
=================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा - ऊर्जा क्षेत्र का विकास सरकार की प्राथमिकता, बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक और सुदृढ़ करने के लिए उठा रहे ठोस कदम
================

◆ मुख्यमंत्री ने पीवीएनएल के वरीय अधिकारियों कहा- युवाओं के कौशल विकास के लिए करें ठोस पहल
=================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज पतरातु विद्युत निगम लिमिटेड (PVNL) के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) श्री अशोक कुमार सहगल, ह्यूमन रिसोर्स प्रमुख श्री जेड रहमान, वरीय प्रबंधक श्री पंकज कुमार सिंह एवं डीजीएम श्री जे. महापात्र ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि 5 नवंबर 2025 से पीवीएनएल के 800 मेगावाट की क्षमता वाली एक यूनिट से बिजली का व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो चुका है। उन्होंने इस यूनिट के चालू होने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा हर स्तर पर मिले सहयोग का परिणाम है कि इस यूनिट से बिजली का व्यावसायिक उत्पादन तय समय पर शुरू हो सका है। वहीं, इस यूनिट के चालू हो जाने से झारखंड अब बिजली के मामले में आत्मनिर्भर हो चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पतरातु विद्युत निगम लिमिटेड का भ्रमण करने के लिए भी आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र सरकार की प्राथमिकता में है।

इस दिशा में बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक और सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पीवीवीएनएल से कहा कि वह युवाओं के कौशल विकास के लिए भी ठोस पहल करे।

============

#Team PRD(CMO)